उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001

फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 ....6259/17 दिनांक 30/6/17

सेवा में, अत्यंत महत्वपूर्ण/आवश्यक

प्रबंधक/प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय– **समस्त जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 डिप्लोमा प्रशिक्षणों में सत्र 2017–18 में प्रवेशित अभ्यर्थियों के ऑन–लाइन इन्रोलमेन्ट के सम्बन्ध में दिशानिर्देश।**

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करना है कि प्रशिक्षण सत्र 2017–18 में प्रवेशित अभ्यर्थियों के संबंध में निम्नलिखित दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये–

1. इनरोलमेन्ट पैनल 1 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक ऑन लाइन इनरोलमेन्ट हेतु खोला जायेगा, जिस पर आपके सेन्टर लॉग इन पैनल द्वारा कार्यालय की वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर 31 अक्टूबर 2017 तक इनरोलमेन्ट किये जा सकेगे।
2. ऑनलाइन इनरोलमेन्ट हेतु शैक्षिक प्रमाण–पत्रों (हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के रंगीन सार्टीफिकेट जो पठनीय हों) एवं प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित छात्र/छात्राओं के फोटो एवं हस्ताक्षर ब्लॉक आवश्यक रूप से अपलोड किये जायें।
3. शैक्षणिक सत्र में एक बार ही प्रवेश लिया जायेगा।
4. प्रवेशित छात्र/छात्राओं का इन्रोलमेंट नंबर, नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि की सूची प्रशिक्षण केन्द्र के लेटर हेड पर इनरोलमेन्ट फार्म के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के अंकपत्र प्रमाण पत्र छात्र/छात्राओं द्वारा स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न कर **15 नवम्बर** तक कार्यालय में शुल्क सहित जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त तिथि के पश्चात् छात्र/छात्राओं के इन्रोलमेंट फार्म शुल्क सहित किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेगें।
5. यदि किन्हीं कारणों से वेबसाइट नहीं खुल रही हो, और प्रशिक्षण केन्द्र प्रवेश लेने हेतु पात्र हो, तो समस्त दस्तावेज सहित **15 नवम्बर** तक व्यक्तिगत रूप से हस्तगत करवाये जायें। जी0एन0एम0
6. इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार इण्टरमीडिएट में अंग्रेजी विषय 40 प्रतिशत एवं कुल पूर्णांक में भी 40 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
7. जी0एन0एम0 हेतु निर्धारित आयु **17 वर्ष से 35** वर्ष (31 दिसम्बर तक) होनी चाहिये।
8. ए0एन0एम0 हेतु **17–30 वर्ष** (31 दिसम्बर तक) के मध्य होनी आवश्यक है।
9. इण्टरमीडिएट परीक्षा में व्यवसायिक वर्ग की परीक्षा के विषय के रूप में विज्ञान वर्ग से सम्बन्धित विषय ही मान्य होंगे।
10. प्रवेशित छात्र/छात्राओं के इनरोलमेन्ट करते समय सावधानी पूर्वक सभी सूचनाओं को भरें, ताकि किसी त्रुटि की संभावना न रहे।
11. प्रशिक्षण केन्द्र में इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित छुट्टियों के अनुसार ही छुट्टियॉं की जायें।
12. **सभी प्रशिक्षण केन्द्र इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली की अनुमति के पश्चात् ही वर्तमान प्रशिक्षण सत्र 2017–18 में अभ्यर्थियों का प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।**

जी0एन0एन0/ए0एन0एम0 अभ्यर्थियों के इन्रोलमेन्ट सूची के साथ 15 नवम्बर तक निम्नलिखित शुल्क जमा होंगे–

- सम्बद्धता शुल्क सत्र 2017–18 का रू0 1500/– प्रति अभ्यर्थी की दर से।
- नये प्रवेशित अभ्यर्थियों को बुकलेट एवं आई0डी0 कार्ड कार्यालय द्वारा देने हेतु शुल्क रू0 500/– प्रति अभ्यर्थी की दर से।
- प्रथम वर्ष की परीक्षा शुल्क रू0 2500/– प्रति अभ्यर्थी की दर से।

इस पत्र को अत्यन्त गंभीरता पूर्वक ग्रहण करें।

भवदीय,

30/6/17

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।